हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 मुख्यमंत्री ने चार जिलों के 3.69 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को अंतरित की...



09 नहीं मान रहे हैं किसान, धान कटाई के साथ शुरू हुआ पराली जलाने का क्रम



खबर संक्षेप

पुलिस ग्राउंड में राज्यमंत्री करेंगी ध्वजारोहण

नर्मदापुरम। रविवार को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का कार्यक्रम नर्मदापुरम जिले में भव्य रूप से मनाया जाएगा। स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा गर्व एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग म.प्र. शासन कृष्णा गौर सुबह 9:05 बजे ध्वजारोहण करेंगी।

कलेक्टर ने की उपार्जन तैयारियों की समीक्षा

नर्मदापुरम। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने खरीफ वर्ष 2026 अंतर्गत धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय उपार्जन सेल की बैठक ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को उपार्जन कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी से अब तक हुए किसान पंजीयन एवं सत्यापन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि धान उपार्जन प्रारंभ होने से पूर्व उपार्जन के लिए पंजीकृत सभी किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सत्यापित रकबे का सैटेलाइट इमेज एवं भौतिक सत्यापन से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वेरिफिकेशन किया जाए।

उत्सव का महासंयोग : धनतेरस, दिवाली, छठ से लेकर देवउठनी एकादशी तक त्योहारों की धूम

कार्तिक मास की पवित्रता और महामुहूर्त से जगमग नवंबर, बाजारों में लौटेगी रौनक

आगामी 30 नवंबर तक का पूरा महीना धार्मिक आस्था, व्रत और तीज-त्योहारों के अलौकिक रंग में रंगा नजर आएगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवंबर महीना श्रद्धालुओं और सनातन धर्मावलंबियों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आ रहा है। 1 से 30 नवंबर तक पूरे महीने देशभर में धार्मिक आस्था, व्रत और पर्वों का भव्य ताना-बाना रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस पूरे माह में कई दुर्लभ ग्रह-गोचरों और शुभ योगों का निर्माण हो रहा है, जिससे लक्ष्मी पूजन, मांगलिक कार्यों और खरीदारी के लिए अत्यंत फलदायी संयोग बन रहे हैं। आचार्य शुभम दुबे ने बताया कि कार्तिक के महीना में स्नान और दीपदान का विशेष महत्व रहता है।

सजीं दुकाने, अच्छे व्यापार की उम्मीद

नर्मदापुरम जिले के बाजारों में जबरदस्त उत्साह और रौनकत देखने को मिल रही है। धनतेरस से लेकर दीपावली तक शहर और ग्रामीण अंचल के बाजारों में करोड़ों रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। इस त्यौहार पर ग्राहकी को भुनाने के लिए स्थानीय व्यापारियों ने भी व्यापक तैयारियां की हैं। शहर के मुख्य व्यावसायिक केंद्र सतरस्ता, सराफा बाजार, कोठी बाजार और मालाखेड़ी मार्ग पर दुकानें पूरी तरह सज चुकी हैं।

संतान की लंबी उम्र की कामना से होगी शुरूआत

महीने की शुरुआत संतान की लंबी उम्र की कामना से नवंबर की शुरुआत 1 तारीख को 'अहोई अष्टमी' के निर्जला व्रत के साथ हो रही है, जिसमें माताएं अपनी संतान की खुशहाली और दीर्घायु के लिए पूजा-अर्चना करेंगी। इसके बाद 5 नवंबर को 'रमा एकादशी' के साथ दीपोत्सव का शुरू हो जाएगा। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी यानी 6 नवंबर को 'धनतेरस' के साथ 5 दिवसीय दिवाली महापर्व का आगाज होगा। इस दिन नए बर्तन, स्वर्ण-आभूषण व वाहनों की खरीदारी का महामुहूर्त रहेगा।

लोक आस्था का महापर्व छठ और देवों की दिवाली

दिवाली के बाद 13 नवंबर से 4 दिवसीय 'छठ महापर्व' का अनुष्ठान शुरू होगा, जिसमें 15 नवंबर की शाम डूबते सूर्य को और 16 नवंबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं, 24 नवंबर को 'कार्तिक पूर्णिमा' के अवसर पर नदियों में दीपदान और देव दीपावली का भव्य आयोजन होगा। 20 नवंबर को 'देवउठनी एकादशी' पर भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागेंगे। इसी के साथ पिछले 4 महीनों से रुके विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध हट जाएगा। अगले ही दिन 21 नवंबर को घर-घर 'तुलसी विवाह' का आयोजन होगा और शहनाइयों की गूंज से बाजार व मैरिज गार्डन गुलजार हो जाएंगे। नवंबर माह में कार्तिक और मार्गशीर्ष मास का अत्यंत पवित्र संयोग बनता है। इस दौरान हिंदू धर्म के कई सबसे बड़े उत्सव, जैसे दिवाली, छठ पूजा और देवउठनी एकादशी मनाए जाते हैं।

7 नवंबर को होगी छोटी दीपावली

7 नवंबर को रूप चौदस/छोटी दिवाली और 8 नवंबर को 'लक्ष्मी पूजन' महादीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। घरों में दीयों की रोशनी और आतिशबाजी से अमावस्या की रात जगमग होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा अन्नकूट और 11 नवंबर को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक 'भाई दूज' मनाया जाएगा। इसके साथ ही त्यौहारों का सिलसिला जारी रहेगा और देवउठनी ग्यारस तक चलेगा। इसके बाद शहर में शहनाई की गूंज सुनाई देगी जो लोगों को उत्सव खुशियां लेकर आएंगी।

नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने की कार्रवाई, 13 प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में आबकारी विभाग द्वारा सघन कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग द्वारा नर्मदा घाटों, ग्वालटोली क्षेत्र और नर्मदापुरम-इटारसी हाइवे किनारे स्थित गौर ढाबा, शिवाय ढाबा, राजीव ढाबा पर दबिश दी गई। सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण कायम किए गए। इसमें 25 क्वार्टर विदेशी और 30 क्वार्टर देशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 4,300 रुपये है।

इसके अलावा सोहागपुर और इटारसी शहर में की गई अन्य दबिश कार्रवाई में 8 प्रकरण कायम किए गए। इनमें लगभग 1380 किलो महुआ लाहन और 50 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,47,000 रुपये आंकी गई। कुल 13 प्रकरणों में कार्रवाई की गई।

केसला में पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न



इटारसी। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसला में माध्यमिक शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय विषय आधारित प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी बीआरसी रत्ना सोनिया के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर निर्मय सिंह, मधुसूदन हरियाले, प्रद्युम्न मिश्रा एवं भुवनेश कुमार ने शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण दिया।

स्वास्थ्य केंद्र में 'कुर्सी' की रार, आदेश के बाद भी लेखापाल का प्रभार नहीं सौंप रहे एमपीडब्ल्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखननगर में पद और प्रभार को लेकर प्रशासनिक खींचतान खुलकर सामने आई है। अटैचमेंट निरस्त किए जाने के बावजूद उप स्वास्थ्य केंद्र आंचलखेड़ा के एमपीडब्ल्यू प्रवीण पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नियमित लेखापाल का प्रभार सौंपने से इंकार कर दिया। इस मामले को अनुशासनहीनता मानते हुए बीएमओ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की है। खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा 27 अक्टूबर को सीएमएचओ को भेजे गए पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि शासन प्रशासन स्तर पर सभी संलग्नीकरण निरस्त किए जा चुके हैं। इसके तहत एमपीडब्ल्यू प्रवीण पटेल को उप स्वास्थ्य केंद्र आंचलखेड़ा के लिए कार्यमुक्त करते हुए लेखा शाखा का प्रभार संगणक हर्षित दुबे को सौंपने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए बीएमओ कार्यालय द्वारा 21 और 22 अक्टूबर को भी पत्र जारी किए गए थे। बीएमओ ने अपने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा कि प्रवीण पटेल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की निरंतर अवहेलना की जा रही है।

दूसरी तरफ एमपीडब्ल्यू व प्रभारी लेखापाल प्रवीण पटेल ने 24 अक्टूबर को बीएमओ को दिए लिखित जवाब में प्रभार सौंपने से मना करते हुए उच्च कार्यालय का हवाला दिया। उन्होंने अपने पत्र में तर्क दिया कि उन्हें सीएमएचओ कार्यालय के आदेश के तहत मूल कार्य के साथ लेखापाल का प्रभार सौंपा गया था। पटेल का कहना है कि वे पूरी ईमानदारी व लगन से दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने दो टूक जवाब देते हुए लिखा कि जब तक उन्हें पदस्थ करने वाले सीएमएचओ द्वारा स्वयं प्रभार सौंपने के लिए निर्देशित नहीं किया जाता, तब तक वे प्रभार नहीं सौंपेंगे।

एसडीएम ने कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में शनिवार को भारसाधक अधिकारी एवं एसडीएम नीलेश कुमार शर्मा ने औचक निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने किसानों से चर्चा कर मंडी में कृषि उपज के प्रचलित भाव और उन्हें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कृषि उपज की तौल व्यवस्था, कृषक विश्राम गृह, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने मंडी प्रबंधन को शौचालयों की प्रतिदिन नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने व किसानों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

स्वसहायता समूहों के उत्पादों का सजा मेला महिलाओं के हुनर को मिला एक बेहतर मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिभूति कागज कारखाना स्थित कामगार कल्याण केंद्र में सतर्कता सप्ताह के अंतर्गत स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का दो दिवसीय मेला आयोजित किया गया है। मेले का उद्घाटन अमित कुमार एजीएम और कृष्ण मोहन जेजीएम एच आर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर अखिलेश गुप्ता, संजय भावसार, डीजीएम (जनसंपर्क), गोविंद रघुवंशी, डीजीएम,प्रतिभा गौतम, डिप्टी मैनेजर,संजय उपाध्याय, महामंत्री, बीएमएस उपस्थित थे।

मेले में अचार, पापड़, मुरब्बे, दीपावली की पूजन सामग्री, गौ



उत्पाद, दीपक, अगरबत्ती, शहद, शुद्ध देसी घी, घर की सजावट के सामान, कपड़े तथा महिलाओं के लिए हाथों से तैयार की गई ज्वेलरी सहित अनेक उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में जनसैलाब उमड़ रहा है। खास बात यह है कि मेले में महिलाओं की संख्या अधिक देखी जा रही है और वे स्टॉलों पर पहुंचकर उत्पादों की जानकारी लेने के साथ खरीदारी भी कर रही हैं।

स्वदेशी अपनाएं: चित्रा

समाजसेवी चित्रा हरणे ने कहा कि प्रतिभूति कागज कारखाने के कामगार कल्याण मेले में आयोजित दो दिवसीय स्वदेशी उत्पाद मेले का उद्देश्य महिलाओं के स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित करना और उनके हुनर को बाजार उपलब्ध कराना है। महिलाओं द्वारा घर पर हाथों से निर्मित अचार, बड़ी, पापड़ सहित अनेक घरेलू उत्पाद और स्वदेशी वस्तुएं इस मेले की खासियत हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचने की बात कही है।

मानस लीग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ऋषिकुल संस्कृत विद्यालय, नर्मदापुरम द्वारा आयोजित दसवीं मानस लीग प्रतियोगिता के अंतर्गत इटारसी संस्करण का पुरस्कार वितरण समारोह श्री प्रेमशंकर दुबे पत्रकार भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऋषिकुल विद्यालय के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पंडित गिरिजाशंकर शर्मा थे। अध्यक्षता नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चोरे ने की। विशेष अतिथि के रूप में रामचरितमानस के ज्ञाता घासीराम मालवीय उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पंडित गिरिजाशंकर शर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके अभिभावकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का अद्भुत ग्रंथ है। इसकी चौपाइयों का प्रतिदिन घरों में पाठ होना चाहिए और बच्चों को भी उनका अध्ययन कराना चाहिए। इससे उनमें संस्कार, नैतिकता और जीवन के आदर्शों का विकास होगा। मानस लीग प्रतियोगिता के जिला समन्वयक वैभव शर्मा ने प्रतियोगिता के दसवें वर्ष के आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नर्मदापुरम जिले के विभिन्न विद्यालयों में लगभग 10 हजार पुस्तिकाएं वितरित की गई थीं, जिनमें से करीब 7 हजार 500 भरी हुई पुस्तिकाएं ऋषिकुल संस्कृत विद्यालय को प्राप्त हुईं। इटारसी क्षेत्र में लगभग 4 हजार विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें से 80 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था।

दिनभर रहे बादल, सूख रही फसल पर संकट

नर्मदापुरम। शहर में चक्रवाती तूफान अर्णव का असर देखने को मिल रहा है । शुक्रवार को दिनभर शहर के ऊपर बादल छाए रहे और कहीं-कहीं बूंदाबादी भी देखने को मिली । इसके साथ ही यह स्थिति एक-दो दिन और बनी रह सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इन दिनों में हल्की बारिश की संभावना हो सकती है। यदि तेज बारिश हुई तो धान की खड़ी फसल और जो फसल कट गई है उसको नुकसान की संभावना भी बताई गई है । अभी कुछ दिन से तो भारी बारिश नहीं हुई है लेकिन बादल छाए रहने से मौसम बदल गया है और तापमान गिर गया है।

इंदिरा और पटेल को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि बस स्टैंड पर बसों के ठहराव की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कांग्रेसजनों ने दोनों नेताओं को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए अपना जीवन समर्पित किया, वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। सभा को नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, हरिनारायण थापक, जमील भाईजान, शेख रमजान, मुन्ना सिद्दीकी, खिलाड़ी भाट एवं दिलीप गोस्वामी सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।



श्रद्धांजलि सभा के बाद शहर के स्थानीय एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें इटारसी बस स्टैंड पर बसों को कम से कम 3 से 4 मिनट का ठहराव देने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। कांग्रेसजनों ने कहा कि इटारसी महत्वपूर्ण व्यापारिक और आवागमन का केंद्र है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं मजदूरों को बसों के पर्याप्त ठहराव नहीं होने से परेशानी होती है। इसके साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था सहित अन्य जनसमस्याओं पर भी चर्चा की गई।

दीया मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन

नन्हे हाथों की रचनात्मकता को मिला अभिभावकों का साथ, दीपों से सजा दीपावली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



द चैम्प्स फन स्कूल में शनिवार को अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक के साथ एक विशेष दिया मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ अभिभावकों को विद्यालय की गतिविधियों से जोड़ना रहा। यह कार्यक्रम डायरेक्टर जुही चटर्जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का सबसे विशेष पहलू बच्चों के साथ उनके अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही। बच्चों और अभिभावकों ने एक साथ बैठकर मिट्टी के दीपों को विभिन्न रंगों, सजावटी सामग्रियों और अपनी कल्पनाशीलता से आकर्षक रूप दिया। कहीं रंगों की सुंदर छटा दिखाई दी, तो कहीं नन्हे हाथों और अभिभावकों की कलात्मक सोच ने साधारण दीपों को विशेष बना दिया। इस साझा गतिविधि ने बच्चों और अभिभावकों को रचनात्मकता के साथ समय बिताने तथा आपसी जुड़ाव को और मजबूत करने का अवसर दिया। इसी क्रम में आयोजित के दौरान अभिभावकों को बच्चों के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों से अवगत कराया गया। शिक्षकों ने प्रत्येक बच्चे की शैक्षणिक प्रगति, उपलब्धियों पर अभिभावकों के साथ सार्थक चर्चा की।

रायपुर में गोपाल कृष्ण ग्राम प्रतियोगिता हुई



नर्मदापुरम। विधानसभा क्षेत्र नर्मदापुरम के चयनित वृंदावन ग्राम रायपुर में 29 से 31 अक्टूबर 2026 तक गोपाल कृष्ण ग्राम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के नेतृत्व एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के पशुपालक अपनी गायों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 अक्टूबर को प्रातः समिति के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया के तहत गायों का दुग्ध दोहन कराया गया तथा इलेक्ट्रॉनिक मशीन से दूध का वजन किया गया।

न्यायालय से दोषमुक्त कुलदीप रघुवंशी को लेकर भ्रामक खबरों पर सवाल, तथ्यों को जाने बिना बनाया जा रहा विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष कुलदीप रघुवंशी की नियुक्ति के बाद कुछ लोगों द्वारा वर्ष 2023 के एक पुराने प्रकरण को आधार बनाकर उनके विरुद्ध भ्रामक और अधूरी जानकारियां प्रसारित की जा रही हैं। बिना न्यायालय के आदेश और प्रकरण की वास्तविक स्थिति को जाने उन्हें निष्कासित व्यक्ति बताकर जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। जबकि उपलब्ध न्यायालयीन आदेश और भाजपा में उनकी वापसी का घटनाक्रम इन दावों की दूसरी तस्वीर प्रस्तुत करता है।

दरअसल, 31 मार्च 2023 को इटारसी में भाजयुमो के नगर अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में कुलदीप रघुवंशी सहित कुछ अन्य लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज हुआ था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय में अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को प्रमाणित करने में सफल नहीं हो सका। सत्र प्रकरण क्रमांक 32/2023 से संबंधित न्यायालयीन आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि फरियादी अभिषेक निर्मल ने अपने मुख्य परीक्षण में अभियोजन की कहानी का समर्थन नहीं किया। अभियोजन के अन्य साक्षी भी घटना के आरोपों की पुष्टि नहीं कर सके। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों और अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत तथ्यों का परीक्षण करने के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 323, 342, 365 एवं 506 भाग-2 के आरोपों में कुलदीप रघुवंशी, गोपाल मालवीय एवं दुर्गेश नागले को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 232 के अंतर्गत दोषमुक्त कर दिया। अर्थात न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अभियोजन पक्ष आरोप प्रमाणित नहीं कर सका और उन्हें दोषमुक्त किया गया।

2024 में वरिष्ठ नेताओं की पहल पर हुई भाजपा में वापसी

इस पूरे घटनाक्रम का एक पहलू यह भी है कि वर्ष 2023 की घटना के बाद कुलदीप रघुवंशी की भाजपा में वापसी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान ही हो चुकी थी। उपलब्ध समाचार सामग्री के अनुसार, भाजपा संभाग प्रभारी पंकज जोशी, तत्कालीन जिला अध्यक्ष माधव अग्रवाल एवं दर्शन चौधरी के नेतृत्व और पहल पर कुलदीप रघुवंशी ने पुनः भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। इस प्रकार उनकी पार्टी में वापसी कोई हालिया या छिपा हुआ घटनाक्रम नहीं है, बल्कि लगभग दो वर्ष पुरानी सार्वजनिक राजनीतिक घटना है।

तथ्यों को जाने बिना किसी की छवि खराब करना कितना उचित?

राजनीति में मतभेद और वैचारिक विरोध स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के संबंध में समाचार प्रसारित करते समय न्यायालयीन फैसलों, संगठनात्मक घटनाक्रम और वास्तविक तथ्यों की जानकारी रखना भी उतना ही आवश्यक है। किसी पुराने प्रकरण का केवल उल्लेख करके न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किए जाने के तथ्य को नजरअंदाज करना और वर्ष 2024 में पार्टी में हुई वापसी को छिपाकर उन्हें आज भी निष्कासित बताना पाठकों के सामने अधूरी तस्वीर रखने जैसा है।

खबर संक्षेप

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस



बैतूल। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बैतूल में दादा-दादी दिवस एवं राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान व्यक्त किया। वहीं, सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आनंदराव हारोड़े एवं श्रीमती लीलावती हारोड़े के आगमन, सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य आर.एन. पांडेय ने अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद विद्यार्थियों की स्वागत नृत्य प्रस्तुति ने समारोह में उत्साह भर दिया। मुख्य अध्यापक भरत कुमार धोटे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी परिवार की सांस्कृतिक धरोहर हैं। उनके अनुभव, स्नेह और जीवन मूल्य बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण तथा संस्कारों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दादा-दादी पर आधारित समूह नृत्य और रेट्रो थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने वरिष्ठजनों को पुरानी यादों में लौटने का अवसर दिया। इसके बाद दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों और बुजुर्गों के बीच आत्मीयता से भरे पल समारोह के प्रमुख आकर्षण रहे। राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्राचार्य आर.एन. पांडेय ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व, राष्ट्र के प्रति समर्पण और ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला।

75 कदम की धरती सेवा पदयात्रा का समापन



बैतूल। 75 कदम के पॉलीथिन मुक्त, कैंसर मुक्त मिशन के तहत 30 दिवसीय धरती सेवा पदयात्रा का समापन हुआ। अंतिम दिन पुरानी एचएमटी फैक्ट्री से औद्योगिक क्षेत्र की सडक़ के किनारे से 1562 किलो पॉलीथिन, प्लास्टिक और डिस्पोजल सामग्री एकत्र कर नगर पालिका को सौंपी गई। अभियान के आयोजकों के अनुसार, 30 दिनों में लगभग 5 से 6 हजार किलो प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया। अभियान में वृंदा सोशल फाउंडेशन, सक्षम संस्था, लाडो फाउंडेशन, राष्ट्रीय सेवा योजना, कलार समाज और मां माचना सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। इसमें सक्षम संस्था के संयोजक सुनील हिरानी सीए, मां माचना सेवा समिति के संयोजक आनंद प्रजापति, लाडो फाउंडेशन के अनिल यादव, जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रो. शंकर, कलार समाज बैतूल के अध्यक्ष तपन मालवीय, मंसूरी समाज के वसीम भाई, स्वतंत्रता उत्तराधिकारी संघ के विनय धर्माधिकारी, वृंदा सोशल फाउंडेशन के संचालक राहुल सिंह ठाकुर, समाजसेवक सुभाष चंद्र गोठी, प्रोफेसर डॉ. चंद्रशेखर त्रिपाठी, रमेश भाटिया, नवल सिंह ठाकुर, नारायण मिश्रा, दीप मालवी, अजाब राव झरबड़े, नागेंद्र सरनकर, इंदी वालिया, अनिल दुबे, नीलम दुबे, शंकर चांवरिया, राधेलाल बनखेड़े, पिंकी भाटिया, सत्येंद्र नागले, इम्तियाज अली और हेमंत चंद्र दुबे बबलू शामिल रहे। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर अभियान के माध्यम से धरती सेवा की गई। अभियान से जुड़े लोगों ने नागरिकों, दुकानदारों और फल-सब्जी विक्रेताओं से सार्वजनिक स्थानों पर पॉलीथिन व प्लास्टिक कचरा नहीं फेंकने और इनके उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से मिट्टी की उर्वरता, पेड़-पौधों के विकास और नदियों के प्रवाह पर प्रतिकूल असर पड़ता है। मिशन के तहत आगे भी धरती सेवा, नदी सेवा, घर-घर संपर्क और जनजागरूकता के कार्यक्रम जारी रखने की बात कही गई।

ग्राम वन समितियों को 13 करोड़ रुपए से अधिक के काष्ठ लाभांश का किया वितरण

मुख्यमंत्री ने चार जिलों के 3.69 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को अंतरित की 30.21 करोड़ से अधिक की बोनस राशि

- *100 करोड़ से बनाये जायेंगे फुटबॉल टर्फ, इनडोर और आउटडोर स्टेडियम*
- *बैतूल में बनेगा जनजातीय संग्रहालय, मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की लगभग 600 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा*
- *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल जिले को दी 443 करोड़ के कई विकास कार्यों की सौगात*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल











बैतूल, पश्चिम बैतूल, उत्तर बैतूल, पांढुर्णा (दक्षिण छिंदवाड़ा), पूर्व छिंदवाड़ा, पश्चिम छिंदवाड़ा एवं नर्मदापुरम वन मंडल के तेंदूपत्ता संग्राहकों के अथक परिश्रम के सम्मान और उनके वाजिब हक की राशि है। प्रदेश के तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब तक 80 करोड़ रुपए से अधिक राशि दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय नायकों का स्मरण करते हुए कहा कि अद्भुत वन सम्पदा और नैसर्गिक सौन्दर्य के मामले में बैतूल जिला अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि बैतूल जिले के समग्र विकास को और गति देने के लिए जिलेवासियों को इसी जगह पर 443 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की अनुपम सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में बन रहे सांदीपनि विद्यालय बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा का मॉडल बन चुके हैं। बैतूल में जनजातीय बेटियों के लिए 50 करोड़ की लागत से कन्या शिक्षा परिसर और छात्रावास का भूमि-पूजन किया गया है। राज्य सरकार मेधावी योजना के अंतर्गत बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले बच्चों को 25 हजार रुपए के लैपटॉप और कक्षा 12वीं के स्कूल टॉपर्स को स्कूटी प्रदान कर रही है। हमारी सरकार विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य के लिए किताबें, साइकिल, गणवेश और छात्रवृत्ति हर तरीके से मदद कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चे और युवा मध्यप्रदेश का भविष्य हैं, उनके लिए भविष्य में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध हों, इसके लिए प्रदेशभर में उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। हमारे बच्चे पढ़-लिखकर नौकरी मांगने की बजाय रोजगार देने वाले बनें, इसके लिए उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने अब तक 85 हजार शासकीय पदों पर युवाओं को नियुक्ति दी है। अब एक लाख नए पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की गई है। प्रदेश के 1 लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना से काम कर रही है। दीपावली से पहले हमने राज्य कर्मचारियों को 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ता (डीए) की सौगात भी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बैतूल के कुकरू खामला का सौंदर्य दर्शनीय है। यहां 15 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटन सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। यहां कॉफी के बागान लगाए जाएंगे। बैतूल-मुलताई में 24 करोड़ के नए कारखाने लगाए जाएंगे।

तेंदूपत्ता संग्राहकों के सम्मान से लेकर विकास की नई सौगातों तक, बैतूल को मिली बड़ी उपलब्धियां: हेमंत



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के मानक बोरा की दर को बढ़ाकर 4 हजार रुपये किए जाने तथा बैतूल जिले सहित नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा के लगभग 3 लाख 69 हजार संग्राहकों को 30 करोड़ रुपये से अधिक की बोनस राशि के अंतरण के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि मेहनतकश और जनजातीय परिवारों के परिश्रम एवं योगदान के सम्मान का प्रतीक है। श्री खंडेलवाल ने बैतूल जिले के विकास के लिए विभिन्न मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। इनमें बैतूल नगर की पेयजल समस्या के समाधान के लिए 48 करोड़ रुपये की परियोजना, गीता भवन एवं हाट बाजार के लिए 17 करोड़ रुपये, स्कूलों के अधोसंरचना विकास के लिए 47 करोड़ रुपये, अंतरराज्यीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं इंडोर स्टेडियम, विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं, सडक़ों और सौंदर्यीकरण कार्यों की मांग शामिल है। उन्होंने ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व में सफारी के लिए 7 करोड़ रुपये और बैतूल में बटरफ्लाई पार्क के लिए 3 करोड़ रुपये की मांग भी रखी। इस सभी मांगो को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वीकृत करने की घोषणा की। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लगभग 145 करोड़ रुपये के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 297 करोड़ रुपये के 52 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। इनमें संदीपनी विद्यालय, पेयजल योजनाएं, सडक़ एवं पुल निर्माण, जनजातीय कन्या शिक्षा परिसर, औद्योगिक क्षेत्र तथा कुकरू में इको-टूरिज्म सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उन्होंने ताप्ती बेसिन मेगा परियोजना के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ हुए एमओयू, बैतूल के उत्पादों की जीआई टैगिंग तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 35 हजार मकानों की निःशुल्क रजिस्ट्री के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार व्यक्त किया।

तेंदूपत्ता संग्राहकों को परिश्रम को सम्मानः केंद्रीय मंत्री

केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उईके ने कहा कि बैतूल की पहचान समृद्ध वन संपदा, जनजातीय संस्कृति और मेहनतकश समाज से है। जनजातीय समाज पीढिय़ों से जंगलों का संरक्षण करते हुए तेंदूपत्ता सहित विभिन्न वनोपजों का संग्रहण कर अपनी आजीविका चला रहा है। बोनस राशि का अंतरण उनके परिश्रम और योगदान के प्रति सरकार के सम्मान एवं संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सम्मान, स्वाभिमान और सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। पीएम जनमन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों जैसी योजनाओं से जनजातीय समाज के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पंवार, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बैतूल जिले के लिए निम्न घोषणाएं की

1. नल जल योजना के कार्यों के लिए 50 करोड़ राशि दी जाएगी।
2. बैतूल में 15 करोड़ रुपए की लागत से गीता भवन और हाट बाजार बनेगा।
3. सडक़ चौड़ीकरण के लिए 47 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।
4. बैतूल में 70 करोड़ रुपए की लागत से चार जलाशयों का निर्माण किया जाएगा।
5. 154 करोड़ की लागत से रामघाटी मध्यम सिंचाई परियोजना विकसित की जाएगी।
6. घोड़ाडोंगरी में बैराज और जलाशय बनाएं जाएंगे।
7. बैतूल के शासकीय हाईस्कूलों में 50 करोड़ की लागत से सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।
8. 100 करोड़ रुपए से अधिक लागत से फुटबॉल टर्फ, इनडोर और आउटडोर स्टेडियम बनाएं जाएंगे।
9. बैतूल में जनजातीय संग्रहालय बनाया जाएगा।
10. प्रदेश के पहले ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व फॉरेस्ट में 7 करोड़ की लागत से सफारी गेट का निर्माण किया जाएगा।
11. ताप्ती कंजर्वेशन रिजर्व फॉरेस्ट के पास 3 करोड़ की लागत से बटर फ्लाई पार्क विकसित किया जाएगा।

हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। वन विभाग के अंतर्गत सुश्री शिक्षा वर्मा/हिमांशु वर्मा को एकलव्य शिक्षा विकास योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति, श्री लाला व. सीताराम एवं कालूराम/मेहतर सिंह को तेंदूपत्ता हितलाभ बोनस तथा धीरज/रामेश्वर को काष्ठ लाभार्थी सांकेतिक हितलाभ प्रदान किया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का किया अनावरण

बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बैतूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण कर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सरदार पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन और राष्ट्र निर्माण में योगदान आज भी देशवासियों को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात देश की विभिन्न रियासतों के एकीकरण में उनके नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनका जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, एकता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने सहकारिता, कृषि और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए। गुजरात में दुग्ध उत्पादन को सहकारिता से जोड़ने की दिशा में किए गए प्रयासों ने आगे चलकर देश में दुग्ध सहकारिता को मजबूत आधार प्रदान किया। अमूल जैसी सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों और दुग्ध उत्पादकों को सशक्त बनाने की दिशा में किए गए कार्य आज भी अनुकरणीय हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के आग्रह तथा उपस्थित जनसमूह की मांग पर कम्युनिटी हॉल निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी की वितरित



बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बैतूल में आयोजित तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, हितग्राहियों को मिल रहे लाभ, स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे उत्पादों तथा नवाचारों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों पर पहुंचकर अधिकारियों एवं हितग्राहियों से संवाद किया और उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी और लैपटॉप वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बैतूल जिले में कुल 1731 विद्यार्थियों को लैपटॉप तथा 230 विद्यार्थियों को स्कूटी का लाभ मिला। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से 10 लैपटॉप और 30 स्कूटी वितरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्टॉल पर आईओटी के माध्यम से नल-जल योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। पशुपालन विभाग की डेयरी प्लस योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना एवं आचार्य विद्यासागर योजना पर केंद्रित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मिलेट्स और वन उत्पादों को सराहा

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टॉल पर मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार बास मेटल हस्तशिल्प एवं मिलेट्स उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि कार्यों में महिलाओं द्वारा ड्रोन के उपयोग की जानकारी ली और इस नवाचार की सराहना की। वन विभाग के स्टॉल पर उन्होंने कोदो-कुटकी, त्रिफला, चिरौंजी, अर्जुन चाय, आंवला कैंडी एवं शहद सहित विभिन्न वन उत्पादों का अवलोकन किया। वन वृत्त बैतूल के स्टॉल पर प्रदर्शित हस्तनिर्मित हिरण एवं शेर की कलाकृतियों की भी सराहना की। प्राकृतिक खेती और स्थानीय उत्पादों को दिया प्रोत्साहन, विद्यार्थियों के सोलर प्रोजेक्ट और जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी ली। उद्यानिकी विभाग की एमआईडीएच योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राही अवधेश वर्मा को मिनी ट्रैक्टर वितरित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत



बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शनिवार को बैतूल आगमन पर मिलानपुर हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं बैतूल सांसद दुर्गादास उईके, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रदेश अध्यक्ष,विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सुधाकर पवार, नर्मदापुरम संभाग के संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ, पुलिस महानिरीक्षक चंद्रशेखर सोलंकी, डीआईजी वीरेंद्र सिंह,कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय आदि रहे मौजूद।

कांग्रेस कमेटी ने मनाया इंदिरा गांधी का शहीद दिवस और सरदार पटेल की जयंती

'इंदिरा व पटेल ने देश की एकता-अखंडता के लिए किया सर्वोच्च बलिदान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुलताई के तत्वावधान में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी का शहीद दिवस तथा देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया तथा देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने के साथ सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि कांग्रेसजनों को गर्व है कि वे ऐसी महान राजनीतिक विरासत के वाहक हैं, जिसने देश की आजादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरदार वल्लभभाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जैसे महान नेताओं ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सर्वोपरि रखते हुए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती रही रियासतों के एकीकरण का ऐतिहासिक कार्य किया। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता के बल पर उन्होंने सैकड़ों रियासतों को भारतीय संघ में शामिल कर देश की एकता को मजबूत आधार प्रदान किया। उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इसी अदम्य इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण के कारण उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है।

अरुण यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने कठिन परिस्थितियों में देश का नेतृत्व करते हुए कई ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति को प्रोत्साहन और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में उनके प्रयासों ने देश की अर्थव्यवस्था और खाद्यान्न उत्पादन को नई दिशा दी। उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनके कार्यकाल में भारत ने परमाणु शक्ति के क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। वर्ष 1971 के युद्ध में उनके नेतृत्व ने देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया। उन्होंने आगे कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। वहीं सरदार पटेल का राष्ट्र निर्माण में योगदान हमें आपसी एकता, संगठन और मजबूत नेतृत्व का संदेश देता है। आज आवश्यकता है कि हम इन महान नेताओं के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में भाईचारे, सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करें। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस महासचिव किशोर सिंह परिहार, युवक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश यादव, यशवंत बोडखे, नारायण ठाकुर, जनपद सदस्य युवराज भीकोंडे, जीवन डोंगरदिए, डॉ. प्रकाश डोंगरे, दिनेश कवडक़र, विष्णु कंसारे, वरुण सिंह रघुवंशी, सुखदेव नरवरे, हितेश वानखेड़े, घोरसे बाबू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नर्मदांचल ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में दीप प्रज्वलन, शपथ ग्रहण, प्रेरक उद्बोधन एवं एकता महारैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। उन्होंने सरदार पटेल के राष्ट्र के एकीकरण में ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. हरप्रीत रंधावा एवं एनसीसी के हवलदार अजब सिंह तोमर ने भी छात्राओं को अनुशासन, देशभक्ति और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. मेहरा ने 'विकास भी, विरासत भी' विषय पर आधारित एकता महारैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिमा स्थल पहुंची। यहां डॉ. शिरीष परसाई के नेतृत्व में छात्राओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली में एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासित मार्चपास्ट प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रेमलता पाटिल, एनसीसी अधिकारी नीतू अहिरवार सहित महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं छात्राओं की सहभागिता रही।



इंदिरा व पटेल का किया स्मरण

माखन नगर। ग्राम ताल केसरी में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं पूर्व गृहमंत्री लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें स्मरण करते हुए पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर वक्ताओं ने इंदिरा गांधी को देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण निछावर करने वाली नेता बताया वहीं पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को पहले गृहमंत्री के रूप में याद किया दोनों नेताओं ने देश की एकता अखंडता और लोकतंत्र की देशवासियों को प्रेरणा दी है इस अवसर पर ब्लॉक एवं नगर के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।



एकता दिवस पर दिलाई आमजनों को राष्ट्रीय एकजुटता की शपथ

सोहागपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती समूचे देश में शनिवार को एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकजुटता शपथ का कार्यक्रम किया गया। सोहागपुर में यह कार्यक्रम एसडीएम कार्यालय परिसर में किया गया। जहां वरिष्ठ अधिवक्ता मंगल सिंह रघुवंशी ने आम नागरिकों एवं अधिवक्ता साथियों को राष्ट्रीय एकता के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। मंगल सिंह रघुवंशी ने शपथ दिलाई की सभी जन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे। और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी प्रयत्न करेंगे। लोगों ने शपथ ली कि वे यह संकल्प देश की एकता की भावना से ले रहे हैं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। इस दौरान ई-गवर्नेंस असिस्टेंट मैनेजर अनुराग तिवारी, सहयोग रामकुमार बाने, अधिवक्तागण पोहप सिंह रघुवंशी, प्रांजल तिवारी, अखिलेश मालवीय, सुनील कसेरा, पत्रकार सौरभ सोनी, अजय सिंह राठौर, भाई जी अहिरवार एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।



जीनियस प्लानेट स्कूल ने निकाली रैली



इटारसी। लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर जीनियस प्लानेट स्कूल द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश देने के उद्देश्य से विद्यार्थी रैली निकाली गई। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर न्यास कॉलोनी स्थित सतरस्ते पहुंची। यहां विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके राष्ट्र निर्माण, देश की एकता और अखंडता में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक जाफर सिद्दीकी ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, एकता, अनुशासन एवं महापुरुषों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा।

खबर संक्षेप

240 व्यापारी लगाएंगे पटाखा बाजार में दुकान

पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से कृषि उपज मंडी परिसर में ही पटाखा व्यापारी संघ के लायसेंस धारी लोग ही दुकान लगा सकते हैं। इसके लिए तहसीलदार वैभव बैरागी सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय सहित अन्य सभी ने निरीक्षण किया गया। तथा पटाखा बाजार के लिए मंडी परिसर में बाहर की तरफ 240 दुकान लगेगी। लेकिन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी थोक पटाखा व्यापारी आहुजा के द्वारा लायसेंस से अधिक संख्या में क्षमता से अधिक संख्या में पटाखा भोखेडीरोड पर वेयरहाउस में रखे जाते हैं।जो दुकान दार को पटाखा देने के लिए लायसेंस बनवाया गया है। लेकिन अभी तक शासन के नियमों को ताक में रखकर हमेशा फुटकर बिक्री भी वेयरहाउस से ही बैंचें जाते हैं। नर्मदापुरम जिले में अनेकानेक जगहों पर पटाखे गोदामों की जांच करने के लिए कलेक्टर से लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तक ने छापामार कार्रवाई की गई है। लेकिन अभी तक पिपरिया सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में कहीं कोई जांच नहीं की गई है। जबकि देखा गया है।

स्टेट हाईवे तथा अन्य सड़कों तक पहुंच रही आग की लपटें

नहीं मान रहे हैं किसान, धान कटाई के साथ शुरू हुआ पराली जलाने का क्रम

टाई के बाद खेत में बचने वाली पराली का सकारात्मक निपटारा अन्य माध्यम से भी किया जा सकता है परंतु किसान नहीं मान रहे और जल्दीबाजी में खेतों की नरवाई में आग लगाकर पर्यावरण को के साथ भूमि को नुकसान पहुंचार रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



क्षेत्र में धान कटाई प्रारंभ होने के साथ ही खेतों में पराली जलाना भी शुरू हो गया है। स्टेट हाईवे किनारे के खेतों में पराली जलाने के बाद आग की लपटें हाईवे तक पहुंच रही हैं, जिसके कारण नागरिक परेशान हो रहे हैं।

मामले में पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि फसल कटाई के बाद खेत में बचने वाली पराली का सकारात्मक निपटारा अन्य माध्यम से भी किया जा सकता है, ताकि पर्यावरण को क्षति ना हो। और इसके अलावा खेतों की मिट्टी व मित्र कीटों को भी पराली जलाने से नुकसान ना हो। लेकिन यह पहल नहीं हो पा रही है। क्योंकि इसके लिए प्रशासन को किसानों के बीच जागरूकता लाने के कार्यक्रम सतत रूप से संचालित करने होंगे व प्रशासन इस मामले में हमेशा की तरह कागजी संदेश देने के बाद चुप बैठा नजर आ रहा है। फील्ड पर प्रशासन के नुमांइदे किसानों को पराली ना जलाने की समझाइश इस देते नजर नहीं आ रहे हैं। ना ही पराली निपटारण के अन्य वैकल्पिक सुझाव किसानों को दिए जा रहे हैं।

जहां-तहां उठ रहा खेतों में धुआं

नर्मदापुरम जिले में प्रशासन की औपचारिकता तथा चुप्पी के साथ-साथ किसानो बंधुओं की जागरूकता के अभाव में पराली जलाने का क्रम लगातार जारी है। दिनदहाड़े स्टेट हाईवे के समीप खेतों में बड़ी मात्रा में पराली जलाई जा रही है। जहां से दिनभर जनप्रतिनिधियों एवं तथा कलेक्टर पुलिस अधीक्षक जैसे बड़े-बड़े अधिकारियों का आना-जाना जिला क्षेत्र में होता रहता है। लेकिन इसका कोई असर किसानों पर नहीं दिखाई दे रहा है। तथा पराली जलाने के बाद दूर-दूर तक खेतों से धुआं उठता देखा जा सकता है। जागरूक किसानों व पर्यावरण प्रेमियों ने उक्त मामले में जिले के जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन आए अधिकारियों से किसान जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का आग्रह किया है। ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती पराली जलाने की प्रक्रिया पर रोक लग सके।

रोजाना अनलोडिंग वाहनों से बाजार में बाधित होती आवाजाही

व्यापारी संघ ने की है वाहनों के प्रवेश पर नौ घंटे प्रतिबंध की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में बाजार के अंदरूनी रास्तों पर अनलोडिंग वाहनों के कारण आवाजाही की बाधा होती है। रोजाना देर शाम वाहन बाजार के अंदरूनी रास्तों को बाधित करते हैं। नागरिकों के अनुसार व्यापारी पिपरिया, नर्मदापुरम आदि क्षेत्रों से सामग्री मंगवाते हैं। सामग्री लाने वाले वाहनों को बाजार के मुख्य मार्ग पर रोककर सामग्री अनलोड की जाती है। अनलोडिंग होने तक मार्ग बाधित रहते हैं। इस दौरान अन्य चौपाहिया वाहनों के आने-जाने पर जाम लगता है। वहीं पक्की दुकानों का विस्तार सड़क तक करने एवं अस्थाई दुकानें मुख्य मार्ग पर लगाने के कारण भी यातायात बाधित होता है।

व्यापारी संघ ने की मांग

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को सोहागपुर व्यापारी संघ ने प्रशासन को आवेदन सौंप मांग की है कि अनलोडिंग वाहनों के बाजार में प्रवेश पर सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक प्रतिबंध लगाए। ताकि यातायात की बाधा ना हो। अनलोडिंग सुबह 11 बजे के पहले तथा रात आठ बजे के बाद की जाए। सड़क तक पक्की दुकानों के विस्तार एवं अस्थाई दुकानों को ठीक सड़क पर लगाने की प्रक्रिया पर रोक की मांग भी व्यापारी संघ ने की है। देखना होगा कि प्रशासन इन मांगों की पूर्ति को लेकर क्या करता है।

खाद संकट दूर करने की किसानों की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



क्षेत्र में किसानों के समक्ष खाद का संकट बना हुआ है। जिसे दूर करने की मांग नर्मदापुरम कलेक्टर से की गई है। उक्त संबंध में गत दिवस एक ज्ञापन अपर कलेक्टर को दिया गया है। पूर्व जपं उपाध्यक्ष एवं सोमनाथ आदिवासी किसान मजदूर संगठन के संयोजक राजकुमार रघुवंशी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें उल्लेख है कि सोहागपुर में डबल लॉक उपकेंद्र खोला गया था, जिससे किसानों को खाद मिलता था। और अब इसे पुनः खोला जाए। जिससे कि रवी सीजन की फसल के लिए छोटे छोटे किसानों को खाद पर्याप्त मात्रा में मिल सके। ज्ञापन अनुसार वर्तमान में ई-प्रक्रिया के कारण आदिवासी क्षेत्र के किसानों सहित लघु एवं सीमांत कृषकों को खाद नहीं मिलने की समस्या हो रही है। जिससे चने की बोवनी में देरी हो रही है। सोमनाथ आदिवासी किसान मजदूर संगठन ने समस्या निराकरण के लिए केंद्र डबल लॉक केंद्र खोलने की मांग की है। इस दौरान संगठन की सदस्य महिला कृषक उपस्थित थीं।

माखन नगर मंडी में धान खरीदी प्रारंभ करने को लेकर किसान महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के माखन नगर प्रतिनिधिमंडल ने नर्मदापुरम जिले के नवनियुक्त कलेक्टर आशीष वशिष्ठ से माखन नगर (बाबई) क्षेत्र के किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर कलेक्टर के साथ विस्तार से चर्चा की और समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर का ध्यान माखन नगर स्थित 'T' श्रेणी कृषि उपज मंडी की ओर आकर्षित कराया। संघ की मुख्य माँग है कि माखन नगर मंडी में व्यापारियों द्वारा किसानों की धान की तुलाई एवं खरीदी का कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कराया जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि माखन नगर मंडी में नियमित धान खरीदी शुरू होने से स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज़ की मंडियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे उनके समय और परिवहन खर्च दोनों की बचत होगी। इसके अलावा, वर्तमान में पिपरिया, इटारसी और सेमरी हरचंद जैसी पड़ोसी मंडियों पर उपज की आवक का अत्यधिक दबाव और अतिरिक्त भार पड़ रहा है, जो माखन नगर मंडी में खरीदी शुरू होने से काफी हद तक कम हो जाएगा।

कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की सभी माँगों एवं किसानों की समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और किसान हित में शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। मुलाकात एवं ज्ञापन सौंपते समय राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रांतीय मंत्री ओम प्रकाश मीणा, जिला संयोजक चंद्रकांत मीणा, ब्लॉक मंत्री श्याम घुनावत, तरुण यादव सहित क्षेत्र के किसान साथी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों को कृतिम अंगों का वितरण कल

पिपरिया। जनपद पंचायत परिसर में सार्वजनिक रूप से दिव्यांग जनों के लिए विशालकाय शिविर का आयोजन 2 नवंबर को सुबह से ही दिव्यांग जनों को अनेकानेक कृतिम अंगों का वितरण किया जाएगा। जिसमें जिला नर्मदा पुरम अस्पताल से अधिकारी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें शाखा प्रभारी मधुसूदन तिवारी विजय आदिवासी ने बताया कि पूर्व में अस्पताल के डाक्टरों के द्वारा संबंधित सभी का परीक्षण किया गया था। तथा सभी को जिला अस्पताल नर्मदापुरम बुलाया गया था। जहां से दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए थे।उसी आधार पर ही इस शिविर में समस्त दिव्यांग जनों को अंग वितरण किए जा रहे हैं। कुछ लोगों को क्रतिम अंगों को तैयार कर मौके पर ही दिये जाएंगे जिनमें जूते छड़ी सहित अन्य सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। तथा सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

भाजपा व कांग्रेस ने किया पटेल एवं इंदिरा को याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत सहित ब्लाक अध्यक्ष मटकुली पिपरिया सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं महिला कांग्रेस युवक कांग्रेस कमेटी एन एस यू आइ सेवा दल सहित अन्य सभी कांग्रेस कमेटी के लोगों ने मंगलवारा चौराहे पर इंदिरा गांधी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्प मालाएं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी वरिष्ठ नेता गणों ने इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

इसी तरह से भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंगलवारा चौराहे पर सरदार वल्लभ भाई पटेल लौह पुरुष को याद किया गया उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन एवं उनके कार्यशैली पर प्रकाश डाला गया।

इस दौरान शहीद भगत सिंह कालेज के एन एस एस के छात्र छात्राओं सभी समाज सेवी संस्थाओं एवं नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं महिला मोर्चा सहित अन्य सभी पार्षदों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सेवा सहकारी समिति प्रबंधक हुए सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



सेवा सहकारी समिति तरौनकला के समिति प्रबंधक राजेन्द्र श्रीवास्तव लगभग 34 वर्ष की सर्विस करने के बाद बगैर किसी भी दाग के सेवा सहकारी समिति है सेवा निवृत्त हुए। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा में बिदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला सहकारीता से वरिष्ठ अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा प्रबंधक अजब सिंह पटेल पूर्व प्रबंधक प्रमोद पुरोहित कमलेश पटेल पर्यवेक्षक सलीम वेग मिर्जा मंचासीन रहे। उसके बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्प मालाएं पहनाकर शपथ दिलाई गई। राजेन्द्र श्रीवास्तव का पुष्प हार पहनाकर सेवा सहकारी समिति प्रबंधक महेंद्र सिंह पटेल, राकेश पुरोहित, राजेश शर्मा भगवंतपटेल, नारायण सिंह पटेल राजेश पटेल महेश कुशवाहा सहित अन्य सभी लोगों ने स्वागत सम्मानित किया गया। उनके सफल कार्यकाल पर प्रकाश डाला गया।मंच संचालन सुनीत पुरोहित ने किया। लेकिन राजेन्द्र श्रीवास्तव के सेवा निवृत्त के उपरांत किसी ने चार्ज नहीं लिया गया।जब चार्ज देने के लिए तरौनकला के ही सहायक प्रबंधक मनीष, मुकेश, धीरेन्द्र दुबे बसेडिया को प्रभार दिया जा रहा था।तो इन सभी लोगों ने एक साथ अपने स्तीफा लिखकर दे दिए गए थे।

35 वर्षों की शासकीय सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

मंडी समिति निरीक्षक को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





कृषि उपज मंडी निरीक्षक डीपी मिश्रा 35 वर्ष विभाग में अपनी सेवा के पश्चात शनिवार को सेवानिवृत्त हुए।

मंडी समिति अधिकारी कर्मचारियों ने समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी इस अवसर पर कृषक व्यापारीगण कर्मचारी साथी किसान संगठन एवं जनप्रतिनिधि गण ने मिश्रा को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह धार्मिक चित्र धार्मिक ग्रंथ भेंट कर फूल माला से स्वागत कर सम्मानित किया।

डीपी मिश्रा माखन नगर उप मंडी में 2015 में निरीक्षक के पद पर पदस्थ हुए थे मिश्रा कृषि उपज उप मंडी माखन नगर के प्रभारी सचिव रह चुके हैं।

इस अवसर पर भाजपा नेता सत्यनारायण पाराशर व्यापारी अजीत सेठी बंटी अग्रवाल बबलू शर्मा दिनेश उपाध्याय शुभम उपाध्याय बंटी साहू मंडी समिति सचिव लक्ष्मी नारायण दायमा लेखपाल सेवाराम कीर मंडी समिति के कर्मचारी साथी पूर्व के पदाधिकारी एवं मिश्रा के परिजन मौजूद रहे और सेवानिवृत्त होने उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए विदाई देते हुए बधाई दी ।

नहीं हो रहा गौतम वार्ड में नाली के पानी की समस्या का समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के गौतम वार्ड में रोड एक्सीलेंट पर एक घर की नाली के गंदे पानी का भराव होता है। समस्या का समाधान स्थानीय प्रशासन अब तक नहीं कर पाया है। नप कभी बजरा तो कभी मिट्टी डालकर पानी रोकने का प्रयास कर रही है। लेकिन समस्या बढ़ रही है क्योंकि अब गंदा पानी के साथ कीचड़ भी सड़क पर जमा होने लगा है। जिसके कारण नागरिकों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों के अनुसार फिलहाल त्योहारी सीजन है तथा भक्तजन नियमित ही मंदिरों को उक्त मार्ग से आना-जाना करते हैं। तथा उन्हें सड़क पर भरे गंदे पानी और कीचड़ से बहुत परेशानी होती है। नागरिकों ने समस्या निराकरण की अपेक्षा प्रशासन से की है।

खबर संक्षेप

केंद्रीय राज्य मंत्री का हरदा दौरा

हरदा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके आज रविवार को प्रातः 11 बजे शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, हरदा में आयोजित मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके पश्चात प्रातः 11.30 बजे हरदा से सड़क मार्ग द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे, दोपहर 2 बजे स्टेट गेस्ट हाउस लाल घाटी भोपाल पहुंचेंगे।

अवैध मदिरा के विरुद्ध 18 मामले दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने 29 एवं 30 अक्टूबर को सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए.एस.बघेल एवं डी.एस. चौहान के नेतृत्व मे मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरुद्ध कार्यवाही की। आबकारी विभाग के दल ने हरदा शहर के खेड़ीपुरा व वार्ड क्रमांक 32, ग्राम साल्याखेडी, नर्मदा नदी किनारे जोगा, उंडाल, नयापुरा, पानतलाई, ग्राम हसनपुरा, कालकुंड, सोमगांवकलां, चारूवा, खमलाय, कुकड़ापानी, खंडेलवाल ढाबा, ठाकुर ढाबा सिराली, रामपुरा, साक्ट्या, बाफ़ला व अजरुत रैय्यत में दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपियों से 42 पाव देसी मदिरा प्लेन, 12 पाव देशी मसाला, 48.7 लीटर महुआ शराब एवं 1495 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 18 प्रकरण दर्ज किये। जप्त माल का अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 63 हजार 790 रूपये है।

डूबने से 3 साल की बच्ची की मौत

हरदा। जिले के कड़ोला उबारी गांव में शनिवार दोपहर तालाब में डूबने से 3 साल की बच्ची लक्ष्मी की मौत हो गई। घटना के समय उसकी मां तालाब किनारे कपड़े धो रही थी। इसी दौरान बच्ची खेलते हुए गहरे पानी में चली गई। मां ने उसे पानी में देखा और बाहर निकाला। परिजन बच्ची को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव का जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम चुरनी निवासी शांतिलाल सालबे कुछ साल से पत्नी और दो बच्चों के साथ एक किसान के यहां मजदूरी कर रहे थे। शनिवार को शांतिलाल किसान के खेत में ट्रैक्टर चला रहे थे। उनकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर तालाब पर गई थीं। वहां वह कपड़े धो रही थीं। इसी दौरान उनकी छोटी बेटी लक्ष्मी खेलते हुए तालाब के गहरे पानी में चली गई। मां की नजर बच्ची पर पड़ी तो उन्होंने उसे पानी से बाहर निकाला। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का किया अनावरण

खिरकिया व हरदा में सरदार पटेल के नाम से विकसित करेंगे पार्क : पटेल

कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मंच पर किया पूर्व कैबिनेट मंत्री का भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा नगर में शनिवार को देश के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर नगर के छीपाबड़-खिरकिया के मध्य स्टेट हाईवे किनारे सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस उपलक्ष्य में छीपाबड़ के हरदा रोड स्थित एक समारोह परिसर में सरदार पटेल की जन्म जयंती पर कुर्मी क्षत्रिय समाज ने कार्यक्रम भी आयोजित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एक निडर और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने आजाद भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। यदि सरदार पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री बने होते तो आजादी के बाद ही देश में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य पूरे हो गए होते, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। सरदार पटेल के सपनों को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे बढ़ाते हुए उन्हें साकार करने का काम किया है। उन्होंने प्रतिमा अनावरण समारोह में आमंत्रित करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार पटेल की विचारधारा और उनके राष्ट्र निर्माण के संकल्प से प्रेरणा लेकर गांव-गांव के विकास का कार्य किया गया है। सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र सेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति, एकता और समर्पण की प्रेरणा देता है। उनकी प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्र भक्ति और सामाजिक एकता का प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने छीपाबड़ में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि दान करने वाले जगदीश गौर उर्फ पप्पू का विशेष अभिनंदन करते हुए उनके योगदान की सराहना की। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम में घोषणा की कि छीपाबड़ में सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल पर भव्य स्वागत द्वार का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि हरदा और खिरकिया में सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां उनकी प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। इसके लिए दोनों नगरीय निकाय में जमीन आरक्षित कराकर प्रक्रिया को शुरू करेंगे।

पटेल ने कहा कि सरदार पटेल के अधूरे सपनों को पूरा करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने दोनों नेताओं को सरदार पटेल की विचारधारा और राष्ट्र हित के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला बताते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने क्षेत्र के किसानों के लिए महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि सरदार पटेल के सपनों को साकार करने और किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के उद्देश्य से शहीद ईलाप सिंह तथा मोरंड-गंजाल परियोजना लागू कराया गया है।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के सपनों को साकार करने के लिए मैं घोषणा करता हूं कि अगले साल 6 अक्टूबर 2027 को शहीद ईलाप सिंह सिंचाई परियोजना एवं 6 अक्टूबर 2028 को गंजाल मोरंड सिंचाई परियोजना के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पानी देने की शुरूआत होगी। इस प्रकार 2028 तक हरदा जिला शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनेगा। कार्यक्रम में कुर्मी क्षत्रिय समाज ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल सहित अतिथियों को सरदार पटेल का छायाचित्र देकर अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद गौर, नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत कौर खनूजा, नप उपाध्यक्ष विजयंत गौर, वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता प्रदीप गौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय यादव, कुर्मी क्षत्रिय समाज संगठन के रामशंकर गौर, राधेश्याम गौर, हरदा के पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष माखन पटेल, पार्षद रमा सत्यनारायण गौर, विष्णु गौर नर्मदापुरम, आनंद गौर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग एवं नागरिक उपस्थित थे। इससे पहले खिरकिया से छीपाबड़ तक कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सरदार पटेल की जन्म जयंती पर विशाल वाहन रैली भी निकाली। रैली का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा से स्वागत भी किया।

कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाई

राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शनिवार को जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान मे रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को कलेक्टर कुमार सत्यम ने घंटाघर चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसडीएम हरदा शैलेन्द्र बड़ौनिया, डीएसपी महिला सेल अरुणा सिंह, एसडीओपी सालनी परस्ते, डिप्टी कलेक्टर अशोक डेहरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोशन सिंह बाथम, जिला शिक्षा अधिकारी डी. एस. रघुवंशी सहित सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने मैराथन दौड़ में भाग लिया। मैराथन दौड़ घंटाघर चौक से प्रारंभ होकर चांडक चौराहा, पोस्ट आफिस चौराहा, टांक चौराह, प्रताप टाकीज, संत कॅवरराम चौक से होती हुई नेहरू स्टेडियम गेट नं 4 पर संपन्न हुई।

राथन के शुरुआत से पूर्व घंटाघर पर कलेक्टर कुमार सत्यम ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों, खिलाड़ियों व जनप्रतिनिधियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। मैराथन के समापन अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज के दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बनाने का संकल्प लिया है।

राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई

हरदा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी.कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता के संदेश को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने की भी शपथ ली। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कृषि अफसर सप्ताह में तीन दिन चौपाल लगाएं

किसानों को अंतिम छोर तक पानी और समय पर बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले में किसान संगठनों के साथ आयोजित की जा रही नियमित बैठकों के क्रम में शनिवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं, सिंचाई व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और उर्वरक उपलब्धता सहित कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में सीईओ भार्गव ने कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान केंद्र सहित कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों को सप्ताह में तीन दिन गांवों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी गांवों में चौपाल लगाकर किसानों को खेती-किसानी से जुड़ी उपयोगी जानकारी दें तथा उनकी समस्याएं सुनकर निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

सीईओ ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रबी सिंचाई सीजन में बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाए। किसानों को निर्धारित समय तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के रखरखाव के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित न हो। नहरों से सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि टेल एरिया यानी नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। बैठक में नहरों के महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य की प्रगति की जानकारी भी किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को दी गई।

उप संचालक कृषि ने ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक बुकिंग की प्रक्रिया तथा जिले में उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। सीईओ ने उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाया जाए। साथ ही परंपरागत खेती के साथ उद्यानिकी फसलों को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करते हुए ठोस एवं परिणाममूलक प्रयास किए जाएं।

सुबह 7 से रात 11 बजे तक जुटा मैदानी अमला, बोनी बखरनी में व्यस्त किसानों के बीच कर रहे रजिस्ट्री

सर्वर की बाधाओं के बीच स्वामित्व रजिस्ट्री का काम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



आबादी भूमि स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी भूमि का कानूनी अधिकार दिलाने के लिए पटवारी इन दिनों सुबह से देर रात तक मैदानी स्तर पर काम कर रहे हैं। लक्ष्य पूरा करने का दबाव, सर्वर की धीमी गति और ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के बावजूद राजस्व अमला योजना के काम में जुटा हुआ है। खास बात यह है कि रबी फसलों की बोनी-बखरनी में व्यस्त किसानों को उनके घरों पर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में पटवारी स्वयं खेतों तक पहुंचकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करा रहे हैं।

मध्यप्रदेश शासन की स्वामित्व योजना के तहत गांवों की आबादी भूमि का ड्रोन सर्वे कराकर पात्र परिवारों को उनकी भूमि का स्वामित्व अधिकार उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के माध्यम से ग्रामीणों को अपनी आबादी भूमि का कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए राजस्व विभाग के मैदानी कर्मचारियों को रजिस्ट्री संबंधी कार्य निर्धारित समय में पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, इस कार्य में पटवारियों को कई तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी सर्वर की गति धीमी हो जाती है तो कभी मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल में दिक्कत आती है। समग्र पोर्टल और ई-केवाईसी की प्रक्रिया में भी बाधाएं आ रही हैं। कई मामलों में खातेदारों की मृत्यु हो चुकी है तो कुछ हितग्राही गांव में उपलब्ध नहीं मिलते। इन परिस्थितियों के बावजूद पटवारी दस्तावेजों का मिलान कर हितग्राहियों से संपर्क करने और रजिस्ट्री तैयार कराने में लगे हैं।

वर्तमान में किसान रबी फसलों की बोनी-बखरनी में व्यस्त हैं। दीपावली का त्योहार भी नजदीक है। ऐसे में ग्रामीणों को घर पर उपलब्ध कराकर दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। इसके चलते कई पटवारी सुबह 7 बजे से लेकर रात 10 से 11 बजे तक अपने हल्के में रहकर काम कर रहे हैं। किसानों के कृषि कार्य में बाधा न आए, इसके लिए उनके खेतों तक पहुंचकर आवश्यक जानकारी और दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है।

देर रात तक कर रहे काम

जिले भर के पटवारी भी इस कार्य में लगातार जुटे हुए हैं। वे प्रतिदिन देर रात 9 से 10 बजे तक ग्रामीणों की आबादी भूमि की स्वामित्व रजिस्ट्री तैयार कराने में लगे हैं। दिनभर खेतों में बोनी-बखरनी करने वाले किसानों तक स्वयं पहुंचकर उनकी जानकारी और दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि कोई भी पात्र हितग्राही अपनी व्यस्तता या तकनीकी समस्या के कारण योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके बावजूद पटवारी गांवों और खेतों तक पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। नीमगांव हल्के में राजीव जैन का प्रयास इसी कार्यशैली का उदाहरण है।

संरक्षण के अभाव में प्रभावित हो रही संख्या

सतपुड़ा की श्रृंखलाओं व शेरी-नाका में बाघ की गर्जना



मंगलम पंवार ⏭झिरन्या

सीमावर्ती महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं और शेरी-नाका में बाघ की गर्जना सुनाई देती है। ब्रिटिश शासनकाल से आजादी के बाद भी इस इलाके में बाघ और तेंदुआ जैसे हिंसक पशुओं का आतंक रहा है। खरगोन जिला प्रशासन ने दोनों राज्यों के प्रवेश द्वार शेरी-नाका में आदिवासी परिवारों को बसाकर ग्रामीणों का कुछ भय कम किया था। लेकिन वे अपने प्राकृतिक-आवासों पर आबाद हैं और संरक्षण के अभाव में उनकी संख्या प्रभावित हो रही है। गौरतलब है कि सन 1817 में खानदेश ब्रिटिश शासन ने वन्य प्राणियों से त्रस्त प्रमुख गांव पाल को उजाड़ दिया था। जबकि यावल के सूबेदार निम्बालकर ने वर्ष 1820 से पुनः गांव बसाने का प्रस्ताव भेजा तो कैप्टन ब्रिग्स ने उसे अस्वीकार कर दिया। लेकिन ब्रिटिश शासकों में जेम्स ने सन 1869-70 में उक्त गांव को पुनः आबाद कर दिया। वहां महाराष्ट्र के तत्कालीन वनमंत्री स्व.मधुकरराव चौधरी ने 21 फरवरी 1969 में यावल वन्य प्राणी अभ्यारण पाल को मंजूरी दी,जिसमें रेंज पाल और जामुनिया शामिल है।

बाघ, तेंदुआ से सामना रोजमर्रा की बात

सतपुड़ा अंचल की गोद में बसे खेड़ा फाल्या के आपला-अर्जुन बारेला ने बताया कि घर के सामने से रात में बाघ गाड़गियाआम नदी में पानी पीने के लिए आते-जाते हैं। हम उन्हें झांककर देखते रहते हैं और चरवाहे बालकों के लिए भी यह रोजमर्रा की बात है। उनका कहना था कि हम ऐसे ही माहौल में पैदा हुए और बड़े हुए हैं और यदि डरेंगे तो खेती-किसानी कैसे करेंगे? सरपंच गणपत चौहान और पलोना के पूर्व सरपंच राणा अलावे ने कहा कि उन्हें कोई छेड़ेगा नहीं तो वे भी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। उन्होंने यह बात,चार चरवाहे बालकों के सन्दर्भ में कही है, जो बाघ से सामना होने पर सकुशल घर लौट आये थे।

बाघिन और शावक देखे गए

चिरिया रेंज की मेंडागढ़ (कक्ष क्र.760) में 4 नवम्बर 2024 में एक वनरक्षक ने बाघिन और शावक को देखा था। लेकिन करीब आधा दर्जन कैमरे लगाने के बाद भी उन्हें ट्रेप नहीं किया जा सका था। क्षेत्र की रेंज चिरिया और रेंज तितरान्या (झिरन्या) के सघन वनक्षेत्रों में बाघ,तेंदूए सहित वन्य-प्राणियों की आवाजाही होती हैं। जब वन विभाग ने वर्ष 2021-22 में बाघ गणना की थी,तब उनकी आधिकारिक पुष्टि की गई थी।

युवक और बछड़े का शिकार

सबरेंज चैनपुर के चिखलिया फाल्या (खुशाल्या) में 8 मार्च 2023 में युवक संतोष भास्करे (गवला) की बाघ के हमले में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद भावसिंहपुरा में एक परिवार बाल-बाल बच गया,जब बाघ ने उक्त मकान के दूसरी ओर एक गाय का शिकार किया। उसकी दहाड़ सुनकर वृद्ध फूलचंद और उसके परिजन घर में पहुंच गए थे और उन्होंने तीन घंटे तक भूख शांत

इनका कहना है

इस रेंज में बाघ व तेंदुआ सहित वन्य-प्राणियों की उपस्थिति दर्ज होती रहती है और पूर्व में कुछ घटनाएं भी हुई है। उनकी लोकेशन और सुरक्षा को लेकर वन अमला सदैव सक्रिय रहता है।
पंकज रहंगडाले, रेंजर चिरिया झिरन्या

सतपुड़ा पर्वत बाघ,तेंदूए सहित वन्य-प्राणियों का बसेरा है और दोनों प्रान्तों के प्रवेश-द्वार शेरी-नाका सहित वनक्षेत्र में दिखाई देते हैं।
हरेसिंह सिसौदिया,रेंजर तितरान्या झिरन्या

कांग्रेस ने मनाई पटेल की जयंती व पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा की पुण्यतिथि



खरगोन। जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयन्ती एवं देश की प्रथम महिला प्रधान मंत्री लौह महिला इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नत्थू प्रसाद पाटीदार ने कहा की आज का दिन अविस्मरणीय है आज ही के दिन आजाद भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जिन्होंने देश की चार सौ से ज्यादा रियासतों का विलय कर भारत देश के नव निर्माण में में महत्वपूर्ण योगदान रहा जिनकी आज जन्म जयन्ती है वही भारत की प्रथम महिला प्रधान मंत्री लौह महिला के नाम से विख्यात इंदिरा गांधी की आज पुण्य तिथि है श्रीमती गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सुश्री देवश्री मुजाल्दे ने बताया कि आज हमारे अधिकांश साथी हमारे नेता राहुल गांधी के आव्हान पर दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गए हैं इसलिए कार्यकर्ता साथियों की संख्या कम है फिर भी इन दोनों महापुरुषों के देश निर्माण के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है और हम सीमित साथियों ने उन्हें याद किया, कार्यक्रम में अजा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजीव कुमार गांगुली मण्डल अध्यक्ष अमित ठक्कर ,अशोक मंडलोई श्री मती सरिता भावसार, श्री मती अस्मा डावर,राजू बॉडी,कासम अली बोहरा उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई द्वारा दी गई।

पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

गांव में पहली बार देहदान, रमेशचंद बने मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

मृत्यु जीवन का अंतिम सत्य है, लेकिन कुछ लोग अपने जाने के बाद भी मानवता की सेवा करते रहते हैं। ग्राम लोनारा के समाजसेवी स्वर्गीय रमेशचंद जैन ने देहदान कर ऐसी ही अनुकरणीय मिसाल पेश की है। गांव के इतिहास में पहली बार हुए इस देहदान ने मानव सेवा की नई परंपरा शुरू की है। रमेशचंद जैन का 30 अक्टूबर को निधन हो गया था। उनके संकल्प और परिजनों की सहमति से 31 अक्टूबर को उनकी पार्थिव देह चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर को समर्पित की गई। अब उनकी देह चिकित्सा विद्यार्थियों के अध्ययन और शोध में उपयोगी होगी। उनके नेत्र जिला चिकित्सालय खरगोन, त्वचा टी चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर व देहदान अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर में किया गया। देहदान से पूर्व बाजार चौक पर ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार ऊन थाना प्रभारी टीआई दिनेश सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस ने देहदानी स्वर्गीय रमेशचंद जैन की पार्थिव देह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने 'रमेश भाई अमर रहें' के नारे लगाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

देहदान ऐसा महादान, जिससे मृत्यु के बाद भी समाज की सेवा संभवः वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र जैन महावीर, सनावद ने कहा कि स्वर्गीय रमेशचंद जैन का देहदान मानवता की सच्ची सेवा है। मनुष्य का जीवन समाप्त हो सकता है, लेकिन उसके सत्कर्म सदैव जीवित रहते हैं। देहदान ऐसा महादान है, जिसके माध्यम से व्यक्ति मृत्यु के बाद भी समाज के काम आता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में अन्नदान, वस्त्रदान, औषधिदान और ज्ञानदान की गौरवशाली परंपरा रही है। इसी कड़ी में देहदान और अंगदान मानव कल्याण के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। देहदान से चिकित्सा विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना का व्यावहारिक ज्ञान मिलता है, वहीं अंगदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी देहदान और अंगदान को लेकर अनेक भ्रांतियां और संकोच हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के समाजसेवी रमेशचंद जैन का यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों को परोपकार और मानव सेवा की प्रेरणा देगा। देहदान के माध्यम से वे लोनारा के इतिहास में अमर हो गए हैं। देहदान के प्रेरणास्रोत सुनील जैन ईशान ने कहा कि रमेशचंद जैन भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से मानवता की सेवा में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जगदीश पटेल ने कहा कि रमेशचंद जैन का देहदान समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही दूसरे परिवारों को भी इस दिशा में आगे आने के लिए प्रेरित करेगा।